# दैनिक जागरण

बिहार, झारखंड, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित



के खिलाफ डब्ल्यूटीओ में की शिकायत }17

2014 में चोट से मेरा करियर खत्म भी हो सकता था : नेमार } 18

# चार साल में दिखा ईमानदार भारत, आशा के साथ विकास के रास्ते पर देश

जासं, मुजफ्फरपुर : केंद्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी और विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि चार वर्षों में भारत आशा के साथ विकास के रास्ते पर चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हित में कई साहसिक फैसले लिए गए। सर्जिकल स्ट्राइक से आतंकवादियों व नोटबंदी से भ्रष्टाचारियों की कमर तोड़ी। चार वर्षों में ईमानदार भारत दिखा। सारे फैसले ईमानदारी व प्रामाणिकता से होते हैं। गरीबों को तकनीक के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिया। देश की मुद्रास्फीति व खाद्यान्न की कीमत नियंत्रण में है। मौलिक आर्थिक ढांचा मजबूत हुआ है। विदेशों में भारत का मान-सम्मान है। मोदी आज ग्लोबल प्रामाणिक लीडर हो गए हैं।

संबंधित सामग्री » पेज 08

## बोले रविशंकर

- केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी व विधि मंत्री ने कहा-मोदी सरकार ने देश हित में लिए कई साहसिक फैसले
- भ्रष्टाचार के खिलाफ किया प्रहार सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को भी जवाब
- सबसे तेज गति से बढ़ने वाला आर्थिक ताकत बना हिंदुस्तान
- मौलिक आर्थिक ढांचा हुआ मजबूत नियंत्रण में आई महंगाई
- जनधन और उज्ज्वला समेत कई योजनाएं गरीबों के लिए वरदान
- भारत का दुनिया में मान-सम्मान बढ़ा मोदी बने ग्लोबल प्रामाणिक लीडर

## बताना होगा कहां से लाए 500 व 1000 के नोट

नोटबंदी के बाद 14 लाख करोड़ बैंकों में आए। जिन्होंने पांच सौ व हजार के नोट जमा किए, उन्हें बताना होगा कि पैसे कहां से लाए थे। उन्हें टैक्स देना होगा। तीन लाख छह हजार लोगों को दस-दस लाख रुपये जमा करना पड़ा। छह हजार छह सौ करोड़ रुपये जमा हुए। हवा में काम करने वाले तीन लाख कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया। प्रेस वार्ता के दौरान पीआइबी निदेशक विजय कुमार, एडीजी पीआइबी मयंक कुमार अग्रवाल, दिनेश कुमार, प्रसार भारती संवाददाता डॉ. केके कौशिक मौजूद थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद • जागरण

## बिचौलियों को जाने वाले 90 हजार करोड़ तकनीकी से बचे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने जनधन योजना के तहत 31 करोड़ से अधिक गरीबों का खाता खोलकर उसे आधार से जोड़ा। योजनाओं की राशि अब सीधे उनके खाते में जमा होने से बिचौलियों को जाने वाले 90 हजार करोड़ रुपये की बचत हो गई। उन्होंने राजीव गांधी के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार एक रुपये भेजती है तो गरीबों को दस पैसे मिलते हैं। मगर, तकनीक का असर हुआ कि अब बिचौलिये गरीबों का पैसा नहीं खा पाते। गरीबों के लिए उज्ज्वला योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के लिए वरदान के समान है।

## पेट्रोल की कीमत पर नियंत्रण के लिए दीर्घकालिक उपाय

पेट्रोल की बढ़ती कीमत को लेकर मंत्री ने कहा कि देश में जैविक ईंधन, सोलर व पवन ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा। साथ ही पेट्रोलि यम पदार्थों की कीमत को नियंत्रित करने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर भी विचार किया जा रहा। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि पिछले चार वर्षों में पेट्रोल की कीमत सिर्फ बढ़ी। इसकी कीमत काफी कम भी हुई थी।

## करोड़ों लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए गए

सरकार ने करोड़ों लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 12 करोड़ 35 लाख लोगों को छह लाख करोड़ रुपये दिए गए। इससे करोड़ों लोगों को रोजगार मिला। वहीं देश के मोबाइल हब बनने से यहां 120 निर्माण कंपनियां आईं, जिसकी संख्या महज दो थी। इस क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर बढ़े।

प्रभात खबर

प्रभात खबर Sun, 03 June 2018
epaper.prabhatkhaba

# जिले के किसान एक माह में कर सकेंगे अनाज की ऑनलाइन खरीद-बिक्री

**वरीय संवाददाता** ▷ मुजफ्फरपुर

## केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने की घोषणा, 500 मंडियों तक होगी पहुंच

**मुजफ्फरपुर** के किसान एक महीने में 500 मंडियों से अपने अनाज की ऑनलाइन खरीद-बिक्री कर सकते हैं. इसकी घोषणा शुक्रवार को केंद्रीय सूचना व प्रौद्योगिकी व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने की. उन्होंने कहा कि इस बात पर मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी से भी बात हो चुकी है.

केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से कहा कि अगले पांच सालों में सिंचाई के क्षेत्र में पांच हजार करोड़ खर्च किये जायेंगे. केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार में फसल बीमा 33 से 50 प्रतिशत किया गया. इसके अलावा नीम कोटेड यूरिया की योजना 15 सालों से लंबित थी, उसे पास किया गया. किसान आंदोलन पर मंत्री ने कहा कि कुछ किसान आंदोलन ईमानदारी के होते हैं, तो कुछ प्रायोजित भी होते हैं.

● बाकी पेज 19 भी



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते रविशंकर प्रसाद.

- **कहा, पताही एयरपोर्ट का जल्द होगा कायाकल्प**
- **सिंचाई के क्षेत्र में 5000 करोड़ खर्च किये जायेंगे**

देखें पेज 06 भी

# मोदी सरकार ने देश को बिचौलियों से बचाया : मंत्री

**वरीय संवाददाता** ▷ मुजफ्फरपुर

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को पत्रकारों से कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले चार सालों में देश को 90 हजार करोड़ बिचौलियों से बचाया है. वह सरकार के चार साल होने पर उसकी उपलब्धियां गिना रहे थे. उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में गरीबों की तरक्की हुई.केंद्रीय मंत्री ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि चार सालों में देश ईमानदार बना. बिचौलियों को हमने खत्म कर दिया. दुनिया में भारत एक बड़ी ताकत बनी है और मोदी एक प्रामाणिक और ग्लोबल नेता बने हैं. भारत तेजी से बढ़ने वाला आर्थिक ताकत बना है, यह बात अमेरिका और जापान जैसे देश भी मान रहे हैं. रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मोदी सरकार में देश में सबसे ज्यादा एफडीआई आयी और देश का आर्थिक ढांचा मजबूत हुआ.मंत्री ने पेट्रोल-डिजल की बढ़ती कीमतों पर कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों से तेल के दाम बढ़े हैं, सरकार गंभीरता से विचार कर रही है. उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों से ही देश के बुनियादी ढांचे का विकास होता है. हम तेल की कीमतें कम रहे इस पर एक दूरगामी परियोजना पर काम कर रहे हैं.

**उजाला से उज्वला तक का किया जिक्र:** मंत्री ने उजाला योजना से लेकर उज्ज्वला योजना तक का जिक्र किया. उन्होंने बताया कि साढ़े तीन करोड़ गरीबों को उज्ज्वला योजना का लाभ मिला. 13.5 करोड़ किसान स्वॉयल कार्ड का उपयोग कर रहे हैं. चार सालों में सात करोड़ 25 लाख शौचालय बने हैं जबकि 15 अगस्त 1947 से 26 मई 2014 तक छह करोड़ शौचालय बने थे. मंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया से देश को बदलने की कोशिश की जा रही है. मोदी सरकार में देश आशा और उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहा है.

**दुनिया का 55 प्रतिशत खाता सिर्फ भारत में:** मंत्री ने कहा कि जनधन से पूरे देश में 31.52 करोड़ खाते खोले गये. यह पूरी दुनिया में जितने बैंक खाते हैं,

आज ,मुजाफरपुर ,3-6-18

# आशा के साथ विकास की राह पर अग्रसर है भारत

( मुजफ्फरपुर कार्यालय )

मुजफ्फरपुर। केन्द्र में सत्तासीन राजग सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धियों को प्रेस के माध्यम से अवाम के समक्ष रखते हुए केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधिएवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि इन चार वर्षों में चतुर्दिक विकास की कोशिशे हुई है। यह जरूर है कि सबकुछ शत प्रतिशत ठीक नहीं हो गया है मगर यह कहने में हिचक नहीं है कि भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व व साहसिक फैसलों के कारण आशा के साथ विकास की राह अग्रसर है।

## पीएम के साहसिक फैसलों से भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ी : रविशंकर

वे जिलाधिकारी के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के पश्चात मिठनपुरा स्थित एक रेस्तरां में प्रेसवार्त्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्ता संभालने के बाद प्रधानमंत्री ने ईमानदार भारत के निर्माण की सोंच के साथ मंत्रियों को फिजिकली व डिजटली अवाम से जुड़ने को कहा था और इन प्रयासों का नतीजा है कि तमाम फैसले पारदर्शी और प्रमाणिक है। इससे पूर्व घोटाले की सरकार थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का देश और दुनिया में प्रभाव बढ़ा और भारत को सबसे तेजी से विकास करने वाली आर्थिक शक्ति मना गया साथ ही साथ मोदी को दुनिया में ग्लोबल नेता के रूप में पहचान मिली।

वर्त्तमान परिवेश में सर्वाधिक एफडीआई का निवेश है, जीडीपी दर में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही, मुद्रा स्थिति नियंत्रित है, खाद्यान्न के क्षेत्र में हम आत्म निर्भर हैं। देश का मौलिक आर्थिक ढांचा मजबूत है। प्रधानमंत्री के साहसिक फैसले नोटबंदी और सर्जिकल स्ट्राइकसे भ्रष्टाचारियों व आतंकियोंपर अंकुश लगा है। नोटबंदीमें जो १७ हजार करोड़ रुपये जमा किये गये उसमें दस लाखसे अधिकको राशि जमा करने वालोंको हिसाब व टैक्स देना पड़ा है। वहीं कागजोंमेंमें सीमित तीन लाख कंपनियोंके लाईसेंस रद्द किये गये। उन्होंने बताया कि सरकार टेक्नोलॉजीके माध्यमसे गरीबोंको सशक्त बनानेमें जुटी। जन धन योजनाके अन्तर्गत ३१ करोड़ खाते खोलकर उसे आधारसे जोड़ा और योजनाका सीधा लाभ देकर बिचौलियोंके हाथ जाने वाले ९० हजार करोड़ रुपये बचाये। उन्होंने पूर्व पीएम राजीव गांधीके वक्तव्य सौ रुपये



भेजनेपर लाभूकको महज १५ रुपये मिलते हैं पर ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि यह डिजिटल इंडिया की देन है कि आज लाभुकोंको राशिका शत प्रतिशत लाभ मिल रहा है।

मूलभूत विकासकी ओर उन्होंने ध्यान दिलाया कि सड़कोंका जाल बिछाया जा रहा है। विद्युतीकरणका कार्य तेजीसे हो रहा है। आजादीके बादसे २०१४ तक देश स्तरपर छह करोड़ २५ लाख लाख शौचालय थे। वहीं २०१४ से २०१८ तक सात करोड़ २५ लाख शौचालय बनाये गये है। केन्द्रीय मंत्रीने कहा कि डिजिटल माध्यमसे देशको बदलनेकी कोशिश जारी है। यह बड़ी उपलब्धि है कि देशके सवा सौ करोड़ की आबादीमें १२१ करोड़ मोबाईल और आधार है। उन्होंने मौके पर सिनेमा स्लाइडके माध्यमसे गरीबों पिछड़े तथा अति पिछड़े वर्ग व अल्पसंख्यकोंके लिए किये जा रहे कार्योंका लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और कहा कि सरकार समानताके साथ विकासकी सोंच रखती है। खासकर उन्होंने तीन तलाकको खत्म करनेके प्रति सरकारका संकल्प दोहराया और कहा कि लोकसभामें उसने इसको पास कराया है और यह उम्मीद करते हैं कि महिला सम्मानको लेकर इस कोशिशमें विपक्षसे श्रीमती सोनिया गांधी मायावती और ममता बनर्जी भी समर्थन में होकर राज्यसभामें पास करानेमें मददगार होगी।

बादमें पत्रकारोंके सवालाका जवाब देते हुए केन्द्रीय मंत्रीने किसानोंके प्रति सरकारके जमीनी प्रयासको प्राथमिकता देते हुए आंदोलनकी साजिश, मुद्रा लेनका लाभुकोंका लाभ नहीं मिलनेपर निजी विफलता और गेहूं लागत मूल्यपर भी नहीं बिकने पर नीतीश सरकारको क्लीन चिट दी। मौकेपर नगर विकास मंत्री सुशा शर्मा, सांसद अजय निषाद, विधायक केदार गुप्ता, बेबी देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामसुरत राय, राजेश कुमार वर्मा, नचिकेता पाण्डेय, डा. अशोक शर्मा, मनीष कुमार आदि थे।

## दैनिक भास्कर ,मुजफ्फरपुर,3-6-18

मुजफ्फरपुर में केंद्रीय मंत्री ने एनडीए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

# पेट्रोल पर लगे सेस से एनएच और गांवों का विकास हो रहा : रविशंकर

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

केंद्रीय विधि-न्याय, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर



प्रसाद ने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले सेस के पैसे से ही देश में राष्ट्रीय राजमार्ग, अस्पताल, ब्रिज का निर्माण और गांवों का तेजी से विकास हो रहा है। फिर भी कीमत पर नियंत्रण के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाया जा रहा है। ताकि विकास और पेट्रोल के दाम दोनों के बीच समन्वय बना रहे। वह शनिवार को एक होटल के सभागार में केंद्र सरकार के चार साल की उपलब्धियों पर चर्चा के बाद प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुजफ्फरपुर से पटना फोरलेन कार्य 9 साल में पूरे नहीं होने के सवाल पर कहा कि भू-अर्जन की कुछ समस्या है। इसे सुलझाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पर तेजी से काम होगा। स्वस्थ भारत बनाने के लिए आयुष्मान भारत के रूप में दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा की योजना शुरू की जा रही है। इसमें 50 करोड़ लोगों को हर वर्ष 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा।

-पढ़ें पेज 5 भी

### बाहर से आता है 85% पेट्रोल

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि भारत की आवश्यकता का 85 प्रतिशत पेट्रोल बाहर से आता है। कीमत नियंत्रित रहे इसलिए एनडीए सरकार ने ही पहली बार यह तय किया कि कच्चे तेल की कीमत पर भाव बढ़ेंगे-घटेंगे। चार साल में कई बार कीमत घटी भी। सरकार इसको लेकर चिंतित है और जल्द ही समाधान निकलेगा।

---

**बोले मंत्री** | दुनिया में देश का मान बढ़ा, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती के चलते ग्रोथ रेट सबसे तेज

# 4 वर्षों में मोदी सरकार ने दिए ईमानदार व भ्रष्टाचार मुक्त शासन : रवि शंकर प्रसाद

कहा- सब कुछ ठीक नहीं लेकिन हमने उत्साह और आशा की किरण जगाई है

सिटी रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

केंद्रीय विधि-न्याय, इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को द पार्क होटल के सभागार में केंद्र सरकार के चार साल की उपलब्धियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजमार्गों के निर्माण के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। हर दिन 27 किमी. सड़कें बन रही हैं। डिजिटल इंडिया से देश की तस्वीर बदली जा रही है। पहले जहां 1 रुपए सरकार के यहां से चलते थे तो लोग के पास 15 पैसे पहुंचते थे। अब 1000 रुपए निकलते हैं तो गरीबों के खाते में 1000 पहुंचते हैं। चप्पल पहनने वाले भी हवाई यात्रा कर सकें। ऐसी योजना पर काम हुआ। पताही हवाई अड्डे से भी उड़ान शुरू होगी। उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल का गुणगान करते हुए कहा कि चार साल में एनडीए ने ईमानदार भारत दिया। बिचौलियों, दलालों का सरकार तक पहुंच खत्म हो गई। भारत दुनिया की ताकत बनी है। तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में देश ने दुनिया को पीछे छोड़ दिया।

### सर्जिकल स्ट्राइक, नोटबंदी जैसे सख्त फैसले लिए

उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक मोर्चे पर मजबूत हुई है। वहीं सर्जिकल स्ट्राइक और नोटबंदी जैसे साहसिक कदम भी उठाए गए। 14 लाख करोड़ रुपए बैंकों में आए तो कहां से पैसे लाए, इसकी जांच भी चल रही है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से 31 करोड़ बैंक खाते खोलकर 90 हजार करोड़ रुपए बिचौलिए से बचाए गए। गरीबों को उज्ज्वला योजना, 12 करोड़ 33 लाख युवाओं को मुद्रा लोन दिया गया। इससे बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन हुआ। इससे पहले उन्होंने प्रोजेक्टर पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों का लेखा-जोखा दिखाया। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास मंत्री सुरेश शर्मा, सांसद अजय निषाद, प्रदेश महामंत्री प्रमोद चंद्रवंशी आदि मौजूद थे। बाद में उन्होंने स्पीकर चौक स्थित अटल सभागार में शहर के बुद्धिजीवियों के साथ संवाद किया।

### ग्रामीण ट्रेनिंग से रोजगार से सशक्त होंगी महिलाएं

**मुजफ्फरपुर** | केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद शनिवार की शाम विजन इंडिया की ओर से चलाए जा रहे रूरल बीपीओ का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रशिक्षण ले रही 110 युवतियों से उन्होंने सीधा संवाद किया। युवतियों की कार्यकुशलता और आत्मविश्वास देख मंत्री ने कहा कि ट्रेनिंग के बाद बीपीओ में इलाके की ग्रामीण युवतियों को रोजगार दिया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि अक्सर बड़ी कॉरपोरेट कंपनियां मेट्रो शहरों में ही बीपीओ संचालित करती हैं। लेकिन इस तरह की नई पहल से नया मॉडल तैयार हो रहा है। विजन इंडिया के निर्देशक विवेक कुमार ने बताया कि साल के अंत तक दलसिंहसराय एवं हाजीपुर में खोला जाएगा।

दैनिक हिंदुस्तान, मुज़फ्फरपुर, 3-6-18

# भारत की आर्थिक ताकत तेजी से बढ़ रही : रविशंकर

**मुजफ्फरपुर | प्रमुख संवाददाता**




केन्द्रीय इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा विधि एवं न्याय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा है कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही आर्थिक ताकत है। उन्होंने शनिवार को मुजफ्फरपुर में केन्द्र सरकार की चार साल की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चार साल में साहसी, शक्तिशाली, समृद्ध, स्वाभिमानी और ईमानदार भारत का निर्माण हुआ है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश को बदलने की कोशिश की जा रही है। वे यह दावा नहीं कर रहे हैं कि सबकुछ ठीक हो गया है। यह सरकार आशा, हिम्मत और विश्वास के साथ विकास के हाई वे पर चल पड़ी है। उन्होंने कहा कि यह तकनीक के माध्यम से गरीबों के लिए काम करने वाली सरकार है। 31 करोड़ बैंक खाते खोलकर उन्हें आधार और जनधन योजना से जोड़ा गया। इस तकनीकी प्रक्रिया से 90 हजार करोड़ रुपये की बचत हुई, जो पहले बिचौलिए खा जाते थे। इस सरकार ने चार वर्ष में सात करोड़ 25 लाख शौचालयों को निर्माण कराया है